# मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

चयन भवन, मैन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल – 462011
फोन नं. 0755–2578801, 02, फैक्स : 0755–2550498,
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in


## प्रेस–विज्ञप्ति

### "समूह–1 उपसमूह–3 संयुक्त भरती परीक्षा–2024"

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 15.05.2025 एवं 23.05.2025 को मध्यप्रदेश के 11 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन में समूह–1 उपसमूह–3, संयुक्त भरती परीक्षा–2024 का आयोजन किया गया था। उक्त परीक्षा मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों/संस्थाओं में सीधी भरती, सीधी भरती बैकलॉग एवं संविदा भरती के कुल **108** पदों पर भरती हेतु आयोजित की गई है। उक्त परीक्षा में कुल **21407** आवेदकों को प्रवेश पत्र जारी किये गये, जिनमें से **9504** अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। उक्त परीक्षा का परिणाम दिनांक 12.09.2025 को जारी किया गया है। अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम ई.एस.बी. की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** से डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

संचालक